# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## मंगलवार, दिनांक 5 मार्च, 2013 (फाल्गुन 14, 1934)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.31 बजे समवेत हुई.**

### 1. श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री महोदय के जन्मदिन पर शुभकामनाएं

डॉ. निशिथ पटेल, सदस्य, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री, डॉ. कल्पना परूलेकर, सदस्य, श्री कैलाश विजयवर्गीय, वाणिज्य उद्योग एवं रोजगार मंत्री, सर्वश्री आरिफ अकील, रामलखन सिंह, मानवेन्द्र सिंह, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सर्वश्री विश्वास सारंग, राजेन्द्र वर्मा, परसराम मुदगल, सदस्यगण, डॉ. गौरीशंकर बिसेन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री, सर्वश्री रामलल्लू वैश्य, शैलेन्द्र कुमार जैन, यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्यगण तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री महोदय को जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बधाइयां देकर शुभकामनाएं व्यक्त की गई।

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री महोदय द्वारा शुभकामनाओं के लिए सबके प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### 2. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित में से 15 प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये। प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित 113 तारांकित प्रश्नों के उत्तर तथा 123 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे।

### 3. नियम 267-क के अधीन विषय

अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई घोषणानुसार -
(1) डॉ. निशिथ पटेल, सदस्य की कटनी जिले में पाले से फसलें नष्ट होने,
(2) श्री पारस सकलेचा, सदस्य की इन्दौर स्थित खजराना क्षेत्र में गंदगी फैलने से समस्याएं उत्पन्न होने,
(3) श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सदस्य की ग्वालियर स्थित नरेश गली में नाले का निर्माण कार्य पूर्ण न होने,
(4) श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य की टीकमगढ़ में सड़क मार्ग निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किये जाने,
(5) श्री रामलखन सिंह, सदस्य की जिला सतना के जल संसाधन विभाग में उपयंत्री न होने,
(6) श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य की इंदौर तथा उज्जैन में आदिवासियों की जमीन को बेचे जाने,
(7) श्री विश्वेश्वर भगत, सदस्य की बालाघाट में गोवारी जाति को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र न दिये जाने,
(8) श्री दिलीप सिंह गुर्जर, सदस्य की खाचरौद-नागदा के किसानों को बीमा राशि की रसीद न दी जाने,
(9) श्री परसराम मुदगल, सदस्य की मुरैना जिले में पेयजल संकट होने तथा
(10) श्री पुरूषोत्तम दांगी, सदस्य की भोपाल स्थित निजी महाविद्यालय द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों की फीस न लौटाए जाने, संबंधी नियम 267-क के अधीन शून्यकाल की सूचनाएं पढ़ी मानी गईं।

### 4. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम मर्यादित का अष्टम् वार्षिक लेखा एवं प्रतिवेदन, वर्ष 2011-12 पटल पर रखे।

(2) श्रीमती अर्चना चिटनीस, स्कूल शिक्षा मंत्री ने मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे, वर्ष 2011-12 पटल पर रखे।

(श्री पांचीलाल मेड़ा, सदस्य शिक्षाकर्मियों की मांगों को पूरा करने की मांग करते हुए गर्भगृह में आए तथा अध्यक्ष महोदय के निर्देश एवं डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य की समझाइश पर वापस अपने आसन पर गए।)

## 5. ध्यान आकर्षण

(1) श्री तुलसीराम सिलावट, सदस्य ने इंदौर की कृषि उपज मंडी के हम्मालों द्वारा हड़ताल किये जाने की ओर ध्यान आकर्षित किया। डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) श्री पुरुषोत्तम दांगी, सदस्य ने राजगढ़ जिले की बहुद्देशीय कुशलपुरा नहर परियोजना के बांध निर्माण में अनियमितता होने की ओर ध्यान आकर्षित किया। श्री जयंत मलैया, जल संसाधन मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

## 6. याचिकाओं की प्रस्तुति

अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई घोषणानुसार, दैनिक कार्यसूची में उल्लिखित सदस्यों की याचिकाएं प्रस्तुत हुई मानी गईः-

(1) श्री रामखेलावन पटेल (जिला-सतना)
(2) श्री ताराचन्द बावरिया (जिला-छिंदवाड़ा)
(3) श्री रामलखन सिंह (जिला-सतना)
(4) श्री राधेलाल बघेल (जिला-दतिया)
(5) डॉ. निशिथ पटेल (जिला-कटनी)
(6) श्री संजय पाठक (जिला-कटनी)

## 7. शासकीय विधि विषयक कार्य

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज की कार्यसूची में उल्लेखित मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2013 (क्रमांक 2 सन् 2013), श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री की अनुपस्थितिवश कल पुरःस्थापित किया जाएगा।

## 8. वर्ष 2013-14 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

(2) डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री की मांगों पर दिनांक 4 मार्च, 2013 को प्रारम्भ हुई चर्चा के क्रम में निम्नलिखित सदस्यों ने भी भाग लिया :-

(3) श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर
(4) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया
(5) श्री पुरूषोत्तम दांगी
(6) श्री मानवेन्द्र सिंह
(7) श्री गिरिजाशंकर शर्मा
(8) श्री श्रीकांत दुबे
(9) श्री रामलखन सिंह
(10) श्री भैयाराम पटेल
(11) श्री मदन कुशवाह
(12) श्री पारस सकलेचा

डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(3) श्री कैलाश विजयवर्गीय, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री ने राज्यपाल महोदय की सिफारिश के अनुसार प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष में राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को—

अनुदान संख्या – 50 उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण के लिए तीन सौ एक करोड़, तीस लाख, बासठ हजार रूपये तक की राशि दी जाए।

उपस्थित सदस्यों के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत होने के पश्चात्, मांग और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

(1) श्री रामनिवास रावत
(2) श्री प्रेमनारायण ठाकुर
(3) श्री रामलखन सिंह
(4) श्री बृजराज सिंह
(5) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया
(6) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, उप नेता प्रतिपक्ष
(7) श्री पारस सकलेचा

श्री कैलाश विजयवर्गीय ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(4) श्री गौरीशंकर बिसेन, सहकारिता मंत्री ने राज्यपाल महोदय की सिफारिश के अनुसार प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष में राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को –

अनुदान संख्या – 17 सहकारिता के लिए छह सौ सत्तर करोड़, पचपन लाख, पंद्रह हजार रूपये तक की राशि दी जाए।

उपस्थित सदस्यों के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत होने के पश्चात्, मांग और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

(1) श्री यादवेन्द्र सिंह
(2) श्री शंकरलाल तिवारी
(3) श्री रामलखन सिंह
(4) डॉ. गोविन्द सिंह
(5) श्री गिरिजाशंकर शर्मा
(6) श्री राधेश्याम पाटीदार
(7) श्री श्रीकांत दुबे
(8) श्री जेवियर मेड़ा

श्री गौरीशंकर बिसेन ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

## 9. अध्यक्षीय व्यवस्था

### विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन विलम्ब से उपलब्ध कराये जाने विषयक

श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य द्वारा आसंदी का ध्यान आकर्षित किया गया कि आवास एवं पर्यावरण विभाग का प्रशासकीय प्रतिवेदन आज अपराह्न 4.20 बजे सदन में प्राप्त हुआ है। इस पर श्री जयंत मलैया, आवास एवं पर्यावरण मंत्री द्वारा विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन की प्रतियां विलम्ब से उपलब्ध कराने के प्रति खेद व्यक्त किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर आवास एवं पर्यावरण विभाग की अनुदान मागों पर चर्चा कल दिनांक 6 मार्च, 2013 को कराने संबंधी व्यवस्था दी गई।

अपराह्न 4.56 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 6 मार्च, 2013 (फाल्गुन 15, 1934) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

**राजकुमार पांडे**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 5 मार्च, 2013**